मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 08 /11/2024

क्र. एफ 16-22/2021/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स डाबर इंडिया लि. की एसआईपी पीथमपुर, जिला धार में खाद्य, आयुर्वेदिक एवं पर्सनल केयर उत्पाद निर्माण इकाई हेतु शासनादेश दिनांक 14.02.2022 द्वारा स्वीकृत सुविधाओं के संबंध में पुर्नविलोकन अभ्यावेदन (DIPIP22910) पर निम्नानुसार सुविधायें प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जाता है-

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** - कंपनी द्वारा परियोजना अंतर्गत प्रस्तावित उत्पादों खाद्य, आयुर्वेदिक एवं पर्सनल केयर (दो चरणों में), हेतु शासनादेश दिनांक 14/02/2022 द्वारा सुविधाओं का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया था। परियोजना अंतर्गत उत्पादों में पुनरीक्षण कर खाद्य संबंधित उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। अतः परियोजना के दोनों चरणों में प्लांट-मशीनरी एवं भवन में किये गये निवेश पर, पूर्व में स्वीकृत सुविधा को संशोधित कर उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों हेतु प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता का लाभ शर्तो के अध्याधीन 7 वार्षिक किश्तों में प्रदान की जाये। परियोजना को दोनों चरणों हेतु खाद्य, रोजगार एवं निर्यात गणक का लाभ पात्रता अनुसार पृथक से प्राप्त होगा।
2. परियोजना हेतु पूर्व में जारी किये गये शासनादेश दिनांक 14.02.2022 द्वारा स्वीकृत अन्य सुविधाओं का लाभ यथावत प्राप्त होगा।
3. स्वीकृत समस्त सुविधाओं का लाभ इकाई द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के उपरांत एमपीआईडीसी में आवेदन प्रस्तुत करने पर प्राप्त होगा।
4. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम
से तथा आदेशानुसार

(शाश्वत सिंह मीना)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

निरंतर.........

पृ. एफ 16-22/2021/ए-ग्यारह भोपाल, दिनांक 08/11/2024

प्रतिलिपि:-

1. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. आयुक्त, इन्दौर संभाग इन्दौर।
4. कलेक्टर, जिला- धार।
5. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल।
6. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, डायरेक्टर, मेसर्स डॉबर इंडिया लि., कार्पोरेट ऑफिस, कौशबी (Kaushambi) गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश - 201010।

- की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग